मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 3 अक्टूबर – दिसम्बर 2023

## संपादकीय



**डॉ अतुल श्रीवास्तव**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव**

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुँच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन प्रावधानित है। इस हेतु प्रदेश में जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 41 (1) एवं मध्य प्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है।

जैवविविधता नियम, 2004 (केन्द्र) के नियम 22 (6) तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (9) अनुसार जैवविविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण किया जाना प्रावधानित है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर के जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जैवविविधता सरंक्षण एवं संवर्धन तथा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, जैवविविधता प्रबंधन समितियो एवं जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं जैवविविधता नियम, 2004 के उदेश्य अनुसार जैवसंसंसाधनों से उदभूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन किया जाना प्राधानित है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रावधान अनुसार जैवसंसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारी एवं विनिर्माताओं द्वारा साम्यापूर्ण लाभ प्रभाजन की राशि बोर्ड प्रदान की जा रही है।

लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य तथा लाभ प्रभाजन की राशि से मैदानी स्तर पर जैवविविधता संरक्षण का कार्य हेतु स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण आवश्यक है। जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले मैदानी स्तर के विभागों (वन, कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी) द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा है।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव)**
**सदस्य सचिव**

# शिक्षा जागरूकता

## 1. राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह – 2023

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल द्वारा वन विहार के प्रांगण में दिनांक 01–07 अक्टूबर 2023 को राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह–2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख (म.प्र.), द्वारा दिनांक 01.10.2023 को किया गया। कार्यक्रम में श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख (म.प्र.), श्री जसबीर सिंह चौहान, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यप्राणी) वन विभाग, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, वरिष्ठ वन अधिकारी एवं विद्यालयों के छात्र–छात्राऐ तथा आमजन उपस्थित हुए।

वन्यप्राणी सप्ताह में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल स्थापित किया गया एवं जैवविविधता संरक्षण की दृष्टि से स्पॉट क्विज कार्यक्रम आयोजित किया गया। बोर्ड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी स्टॉल के माध्यम से जैवविविधता आधारित प्रचार–प्रसार सामग्री का वितरण किया गया।

वन्यप्राणी सप्ताह 2023 कार्यक्रम के समापन में **महामहीम श्री मंगूभाई पटेल, राज्यपाल महोदय, मध्यप्रदेश शासन के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 07.10.2023 को किया गया।** इस अवसर पर **डॉ. कुंवर विजय शाह, वन मंत्री, मध्यप्रदेश वन विभाग तथा श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन वन विभाग की उपस्थिति हुये।**

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं भोपाल बर्ड्स संस्था द्वारा प्रकाशित Butterflies of Bhoj wetland पुस्तिका का विमोचन किया गया। पुस्तिका में भोज वेटलैंड में पाई जाने वाली 84 तितली प्रजातियों को सम्मिलित किया गया है। बोर्ड द्वारा स्पॉट क्विज के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट हेम्पर वितरित किये गये।



**महामहीम श्री मंगूभाई पटेल, राज्यपाल, महोदय मध्यप्रदेश शासन द्वारा Butterflies of Bhoj wetland पुस्तिका का विमोचन किया गया।**



**प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग, एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा स्टॉल का अवलोकन किया गया।**

## 2. विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जैवविविधता वाटिका की स्थापना

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में जैवविविधता के प्रति जाकगरूकता के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर स्थिति उत्कृष्ट विद्यालय एवं महाविद्यालयो में जैवविविधता वाटिका की स्थापना की गई है। इस हेतु सरोजिनी नायडू, कन्या महाविद्यालय शिवाजी नगर भोपाल के विद्यालयीन छात्र–छात्राओं द्वारा जैवविविधता वाटिका को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के सदस्य सचिव, द्वारा वाटिका का शुभारंभ किया गया।




**वन वाटिका का उद्घाटन एवं स्पॉट क्विज कार्यक्रम दिनांक 04.10.2023 को आयोजित किया गया।**

## 3. राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव–2023 बैठक

लोक शिक्षण संचानालय, मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं अन्य सहयोगी विभागो के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालीयन छात्र–छात्राओं में प्रकृति के प्रति प्रेम जागृत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2004 से मोगली बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु लोक शिक्षण संचानालय, मध्यप्रदेश आयुक्त, के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 20.10.2023 को सायं 04.00 बजे बैठक आयोजित की गई। इस परिप्रेक्ष्य में मोगली बाल उत्सव कार्यक्रम–2023 का आयोजन **पेंच टाईगर रिजर्व, (राष्ट्रीय उद्यान) सिवनी** में दिनांक 08 से 10 जनवरी 2024 की अवधि में आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया।



**आयुक्त, लोक शिक्षण संचानालय, मध्यप्रदेश के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 20.10.2023 को सायं 04.00 बजे आयोजित बैठक**

## 4. नेशनल कंसल्टेशन वर्कशॉप – 2023

National Biodiversity Strategy and action plan The Cunming – Montreal Global Biodiversity Framwork हेतु राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा दिनांक 28 एवं 29 नवम्बर 2023 को नई दिल्ली में नेशनल कंसल्टेशन वर्कशॉप – 2023 का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा सहभागिता की गई।




**(NBSAP workshp) November 28-29, 2023, New Dehli**

## 5. गौरैया फोटोग्राफी प्रतियोगिता –2023

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा ऑनलाईन गौरैया फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10.03.2023 से दिनांक 10.05.2023 तक किया गया। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन समिति की बैठक दिनांक 02.11.2023 को वन भवन, शिवाजी नगर भोपाल में आयोजित की गई।

# दस्तावेजीकरण

## 1. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा स्थनीय निकाय स्तर ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/नगर पालिका/ नगर निगम स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समिति/मास्टर ट्रेनर/विद्यालय एवं महाविद्यालय के पी.. आई द्वारा माह–अक्टूबर से दिसम्बर 2023 तक निम्नानुसार 14 लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य पूर्ण कर बोर्ड में जमा किया गया।

| लोक जैवविविधता पंजी जमा करने की दिनांक | जिला | स्थानीय निकाय का नाम |
|---|---|---|
| 26.10.2023 | जिला – मंदसौर | जनपद पंचायत– गरोठ |
| 27.10.2023 | जिला – सतना | जनपद पंचायत– नागौद एवं मैहर |
| 11.10.2023 | जिला – बालाघाट | जनपद पंचायत– वारासिवनी |
| 16.10.2023 | जिला – खण्डवा | जनपद पंचायत– खण्डवा |
| 16.10.2023 | जिला – पन्ना | ग्राम पंचायत, मुराच, ईटाय बिरसिंहपुर, शिकारपुरा, |

| लोक जैवविविधता पंजी जमा करने की दिनांक | जिला | स्थानीय निकाय का नाम |
|---|---|---|
| 16.10.2023 | जिला – सिवनी | ग्राम पंचायत, झालागोदी, मुण्डापुर, दरासी, शाखादेही |
| 16.10.2023 | जिला – बालाघाट | ग्राम पंचायत, कोदमी, बीसापुर, जमुनिया, टिकाड़ी |
| 07.11.2023 | जिला – पन्ना | ग्राम पंचायत – लक्ष्मीपुर, ढलानचौकी, खजरीपुरा, एवं बराच |
| | जिला – छरतपुर | ग्राम पंचायत – निवाड़ी, कदारी, बृजपुरा, एवं हमा |
| 09.11.2023 | जिला – बुरहानपुर | ग्राम पंचायत – चुलखान, असीरगढ, बसड़ |
| | जिला – सिवनी | नगर पालिका सिवनी |
| 30.11.2023 | जिला – रीवा | जनपद पंचायत– रायपुर कर्चुलियान |
| | जिला – भोपाल | ग्राम पंचायत– हिनौतीसड़क, मालखेड़ी, हर्राखेड़ी एवं सुकलिया |
| | जिला – खण्डवा | जनपद पंचायत– पंधाना |

## 2. जैवविविधता प्रबंधन समितियों की बैठक

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं स्थानीय निकाय के सहयोग से मध्यप्रदेश में 04 जैवविविधता प्रबंधन समितियों की बैठक का आयोजन किया गया।

1. जैवविविधता प्रबंधन समिति– जनपद पंचायत, **जयसिंहनगर** जिला शहडोल में समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 09.10.2023 को आयोजित की गई।
2. जैवविविधता प्रबंधन समिति–**जनपद पंचायत, मझौली** जिला सीधी में समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 11.12.2023 चतुर्थ बैठक आयोजित की गई।
3. जैवविविधता प्रबंधन समिति–**नगर पालिका–सीधी,** जिला सीधी में समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 12.12.2023 चतुर्थ बैठक आयोजित की गई।
4. जैवविविधता प्रबंधन समिति–**नगर पालिक रायेसन,** रायसेन में समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 12.12.2023 चतुर्थ बैठक आयोजित की गई।

## 3. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य की समीक्षा बैठक

वनमण्डलाधिकारी – मंदसौर द्वारा जिला मुख्यालय स्तर दिनांक 06.12.2023 को रिव्यू मीटिंग किया गया। मीटंग में बोर्ड की ओर से श्री शुभम पंकज, तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थिति हुये। जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सदस्यगण सहयोगी विभागों (वन, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी तथा मत्स्य पालन), स्थानीय समुदाय, जैव संसाधनों आधारित व्ययसाय, करने वाले व्यापारी, विर्निमाता एवं वैद्य, लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के सहयोगी विद्यालय–महाविद्यालयों के रिसोर्स पर्सन (पी.आई एवं को–पी.आई),वन परिक्षेत्र स्तर के मास्टर ट्रेनर, वन विभाग के मैदानी अमला एवं अन्य जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधियों को पी.बी.आर अद्यतीनीकरण कार्य किये जाने हेतु वन मण्डल द्वारा रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया।



**वनमण्डलाधिकारी जिला मुख्यालय–मंदसौर में दिनांक 06.12.2023 को समीक्षा बैठक का आयोजन**

## 4. बीज बैंक परियोजना का निरीक्षण

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा श्री मानसिंह पटेल, कृषक, तहसील बनखेड़ी, जिला–नर्मदापुरम को लघु परियोजना **"नर्मदापुरम जिले में प्राकृतिक खेती, बीज बैंक निर्माण एवं बीज संवर्धन"** स्वीकृत वर्ष 2022–23 की गई है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड से डॉ. बकुल लॉड, सहायक सदस्य सचिव (सीएंडडी), डॉ. एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (परियोजना) एवं तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा कार्यों का स्थल निरीक्षण दिनांक 27 नवंबर 2023 को किया गया। श्री मानसिंह पटेल, कृषक द्वारा संचालित परियोजना के अंतर्गत फसलों की देशी प्रजातियों का संरक्षण एवं बीजों का संवर्धन कर किसानों को वितरित किया जा रहा है। संचालित परियोजना अंतर्गत कृषि प्रजातियों की पारम्परिक किस्मों को संरक्षित करने के उद्देश्य से बीज बैंक स्थापित किया गया है। स्थापित बीज बैंक में स्थानीय कृषकों के अलावा प्रदेश से बाहर के कृषकों एवं बीज संस्थानों को भी पारम्परिक बीजों का वितरण किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में कृषक लाभान्वित हो रहे हैं।

श्री पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 700 देशी प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है, जिसमें धानों की 350, गेंहू की 160, दलहनों की 18, सब्जियों की 150, भाजियों की 11, फलों की 7, कोदो की 2, कुटकी की 2, रागी की 1, कांगनी की 1, सांवा की 1 प्रजातियॉ सम्मिलित है।




**परियोजना के अन्तर्गत स्थापित बीज बैंक का निरीक्षण**

## 5. भोज वेटलैंड विंटर बर्ड काउंट कार्यक्रम–2023

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, द्वारा राष्ट्रीय उद्यान वन विहार एवं व्ही.एन.एस नेचर सेवियर्स के संयुक्त तत्वाधान में **भोज वेटलैंड विंटर बर्ड काउंट कार्यक्रम** का आयोजन दिनांक 24.12.2023 को कुल 90 प्रतिभागियों ने भोजताल के 5 चयनित जोन में अलग–अलग क्षेत्रों में गणना की गई। इस गणना में डॉ बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, डॉ. संगीता राजगीर, मो.खालिक प्रमुख रूप से एपस्थिति हुये पक्षी गणना में 148 प्रजातियों की पहचान की गई। इसमें बिखनखेड़ी में मुगलियाछॉप, बम्होरी, बिलखेड़ा और वन विहार राष्ट्रीय उद्वान में पक्षियों की पहचॉन की गई।





**बर्ड काउंट में दिखाई दीं 148 प्रजातियां, प्रवासी पक्षियों में दिखे ओपनविल स्ट्रोक और रेड नेपड**

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

सर्दियों की शुरुआत के साथ ही प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो जाता है। ऐसा ही कुछ देखने को मिला भोज वेटलैंड विंटर बर्ड काउंट के दौरान जहां बर्ड काउंट के दौरान कई प्रवासी पक्षी भी देखे गए। मप्र राज्य जैवविविधता बोर्ड ,वन विहार राष्ट्रीय उद्यान तथा व्हीएनएस नेचर सेवियर्स के संयुक्त तत्वावधान में यह गणना आयोजित की गई, जिसमें कुल 90 प्रतिभागियों ने भोजताल के विभिन्न 5 चयनित जोन में अलग-अलग क्षेत्रों में गणना की। इनमें प्रवासी पक्षियों में रेड क्रेस्टेड पोचार्ड , कॉमन पोचार्ड , ब्लैक हेडेड आइबिस, रेड नेपड आइबिस, ब्लैक हेडेड बंटिंग, रेड हेडेड बंटिंग, ब्राह्मिनी शेल्डक, ब्लू थ्रोट , लैसर वाइट थ्रोट आदि दिखे।

ओपनविल स्ट्रोक

ब्लैक हेडेड आइबिस

**बर्ड काउंट में इन्होंने लिया भाग**

कार्यक्रम के दौरान अरविंद पुरोहित (ओएसडी, राजभवन), सुनील कुमार सिन्हा (सहायक संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान),डॉ. बकुल लाड ( सहायक सदस्य सचिव, मप्र राज्य जैवविविधता बोर्ड), डॉ. विपिन बोटे (व्हीएनएस नेचर सेवियर ) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. संगीता राजगीर , सारंग महात्रे , कृताली विंदरकर , डॉ. नरेंद्र कुमार मेश्राम, मो. खालिक भी मौजूद रहे।



**भोज वेटलैंड में काउंट किए गए 148 प्रजाति के पक्षी**

जागरण सिटी रिपोर्टर। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं वन विहार के तत्वावधान में भोपाल बर्ड्स द्वारा भोज वेटलैंड विंटर बर्ड काउंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुल 90 प्रतिभागियों ने भोज ताल के विभिन्न 5 चयनित जोन के अलग-अलग क्षेत्रों में पक्षियों की गणना की। इस गणना में डॉ. संगीता राजगीर,

**यह है पक्षियों की प्रजाति**

पक्षी गणना के अंतर्गत 148 प्रजातियों की पहचान की गई। इनमें प्रवासी पक्षियों में रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, ब्लैक हेडेड आइबिस, रेड नेपड आइबिस, ब्लैक हेडेड बंटिंग, रेड हेडेड बंटिंग, ब्राह्मिनी शेल्डक, ब्लू थ्रोट, लैसर वाइट थ्रोट, ग्रीन सैंडपाइपर,

**बुक पोस्ट**

प्रति,

........................................................................

........................................................................

........................................................................

प्रेषक –

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**
प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.mp.gov.in

**संरक्षक**

**डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव**
**सदस्य सचिव**

**संपादक मण्डल**

| डॉ. बकुल लाड | डॉ. एलिजाबेथ थॉमस | सुमित कुमार जैन |
|---|---|---|
| सहायक सदस्य सचिव | सहायक सदस्य सचिव | सहायक सदस्य सचिव |
| (सी. एण्ड. डी) | (बायो) | (प्रशा. / वित्त) |